**Regarding need to set up posts for checking of vehicles at specific points on national highways- laid**

श्री हनुमान बेनीवाल **(**नागौर**) :** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्गो पर परिवहन विभाग के उड़न दस्तों द्वारा चैकिंग के नाम पर अचानक वाहनों को रुकवाने से हो रहे हादसों के संबंध में आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूँ । राज्यों में खास तौर पर मेरे राजस्थान में परिवहन विभाग सड़को पर जिस तरह RTO उड़न दस्ते वाहन चालकों को, खास तौर पर ट्रकों को चैकिंग के नाम पर परेशान करते हैं वो किसी से छुपा हुआ नहीं है । यह उड़न दस्ते जहां मर्जी हो वहां वाहनों को रोक देते हैं और आकस्मिक रूप से किसी भी वाहन को रुकवाने पर दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा होती है और सैकड़ों दुर्घटनाएं हो भी चुकी है । रोड़ सेफ्टी के अनुसार किसी भी वाहन को आकस्मिक रोकना दुर्घटना को निमंत्रण देना है । केवल राजस्थान में परिवहन विभाग के 50 से अधिक गार्डों /अधिकारियों की मृत्यु भी ऐसे अचानक वाहनों को रुकवाने से हुई है । इसलिए वाहनों की चैकिंग हेतु विशिष्ठ स्थानों पर ही चैक पोस्ट बने, इसके लिए मंत्री जी देश के तमाम राज्यों के परिवहन मंत्रियो के साथ बैठक करें और विशिष्ठ एसओपी बनाये ताकि इस कारण से सड़क हादसे नहीं हो ।

________

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, बहुत महत्वपूर्ण बिल आपके सामने है । मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल लगा हुआ है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** कृपया आप अपने कर्त्तव्य का पालन करें ।

? (व्यवधान)

**<u>14.02 hrs</u>**

*At this stage, Shri Abhay Kumar Sinha, Shri Rahul Kaswan, Shrimati Satabdi Roy Banerjee, Shri Ram Shiromani Verma and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, आखिर आप किसकी माँग कर रहे हैं?

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** यह एसआईआर का विषय चुनाव आयोग के परव्यू में है । इसकी अकाउंटिबिलिटी चुनाव आयोग की है और चुनाव आयोग अभी उस प्रोसेस में है । उस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए । अभी प्रोसेस चल रहा है ।

? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Manickam Tagore, you are quite a senior Member and you are quite aware.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** आप किस पर चर्चा करेंगे? जब अभी एसआईआर चल रहा है, इलेक्शन कमीशन डोर टू डोर वेरिफाई कर रहा है । उस पर आपत्ति आ रही है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अर्जुन राम मेघवाल जी, आप कुछ कहना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री**;** तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री **(**श्री अर्जुन राम मेघवाल**) :** सर**,** यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, मैं आप सभी से कहना चाहता हूँ कि एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है ।

? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Mr. Tagore, it is already *sub judice in* the Supreme Court. You should wait?

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** इसलिए मैं आप सबसे कहूंगा अपनी सीटों पर जाएं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** हैबी ईडन साहब, आप अपनी सीट पर जाएं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** राहुल कास्वां जी, आप अपनी सीट पर जाएं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** सब लोग अपनी सीटों पर जाएं । हम आपको अवसर देंगे । सबको अवसर देंगे ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं आप सबको, आपकी बात को कहने का अवसर दूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** जिस मामले को आप उठाना चाहते हैं, एसआईआर का मामला चुनाव आयोग के परव्यू में है और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है । इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आज का जो ऐजेंडा है, अब आप उस पर चर्चा करेंगे ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं आप सबसे आग्रह करता हूँ कि आज का जो एजेंडा है ? आइटम नंबर्स ? 20 ए से 20 डी, यह बहुत महत्वपूर्ण है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** यह जो मणिपुर गुड्स एण्ड सर्विसेज़ टैक्स (अमेंडमेंट) ऑर्डिनेंस, 2025 है, जिसका बिल ले कर आ रहे हैं ।

? (व्यवधान)